बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

विज्ञापन संख्या– 07 / 2018 (विषय–संगीत) के संबंध में आवश्यक सूचना

शिक्षा विभाग, बिहार सरकार से प्राप्त पत्र संख्या–2822, दिनांक–03.12.2019 के साथ संलग्न विभाग द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति के निर्णय के आलोक में विज्ञापन संख्या **07 / 2018** के अन्तर्गत बी॰ एन॰ मण्डल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में **संगीत** विषय में सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु मात्र **संगीत** विषय में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ अन्य न्यूनतम शैक्षिक योग्यता धारित करने वाले उम्मीदवारों को अर्हित एवं शेष उम्मीदवारों को अनर्हित किया जाता है। अर्हित तथा अनर्हित अभ्यर्थियों की नयी सूची आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bih.nic.in** पर उपलब्ध है।

जिन अर्हित उम्मीदवारों द्वारा Ph.D/M.Phil With UGC Regulation 2009 का दावा किया गया है, उन्हें विशेष रूप से निर्देश दिया जाता है कि वे अपना Ph.D. का निबंधन संख्या एवं तिथि तथा अपने–अपने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर से निर्गत Pre Ph.D अंकपत्र एवं Ph.D/M.Phil कितने और किन–किन Criteria से उत्तीर्ण है, से सम्बंधित प्रमाणपत्र साक्षात्कार के दिन समर्पित करेंगे। उक्त प्रमाणपत्र समर्पित नहीं करने वाले अभ्यर्थी को Ph.D/ M.Phil Without UGC Regulation 2009 माना जाएगा।

अर्हित उम्मीदवारों का साक्षात्कार बिहार लोक सेवा आयोग, 15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना– 800001 में **दिनांक–18.02.2020** को आयोजित किया जाएगा।

साक्षात्कार की तिथि के एक सप्ताह पूर्व साक्षात्कार पत्र तथा साक्षात्कार के लिए आवश्यक निर्देश आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

विभागीय पत्रांक–2822, दिनांक–03.12.2019 के आलोक में वि॰सं॰–07 / 2018 के अंतर्गत उम्मीदवारों की अर्हता / अनर्हता से संबंधित पूर्व में आयोग द्वारा कृत सभी कार्रवाई को रद्द किया जाता है।

27.1.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना